**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**01.09.2026/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे**

मुख्य समाचार''

- प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में आज छह नए विधेयक होंगे पुनः स्थापित– बारिश से हुए नुकसान और खनन में मजदूरों के दबने पर सरकार को घेरेगा विपक्ष– रोज़गार पर चर्चा रहेगी जारी।
- प्रदेश भाजपा विधायक दल की अहम बैठक शिमला में आयोजित–पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने विधानसभा सत्र में सरकार को घेरने और जनहित से जुड़े विषयों को प्रभावी ढंग से उठाने पर किया विचार विमर्श।
- राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने इस साल जनवरी में नालागढ़ पुलिस स्टेशन में हुए विस्फोट के मामले में तीन और आरोपियों को किया गिरफ्तार।

और

- लाहौल स्पीति प्रशासन ने 4 हजार 70 मीटर की ऊंचाई पर स्थित घेपन ग्लेशियर झील की निगरानी और आपदा तैयारियों को मजबूत करने का लिया निर्णय।

मानसून सत्र

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे मानसून सत्र की आज आठवीं बैठक है। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी। सदन में प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता.....

–डिस्पैच–

प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में आज 6 नए विधेयकों को पुनः स्थापित करने का प्रस्ताव सदन में रखा जाएगा। इसके अलावा सदन में तीन अहम दस्तावेज भी रखे जाएंगे, जिसमें उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान प्रदेश जनरल इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड का 51 वां वार्षिक प्रतिवेदन 2023–24, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी सोलन स्थित नौणी विश्वविद्यालय के 2021–22 और 2022–23 के ऑडिट व निरीक्षण प्रतिवेदन जबकि आयुष मंत्री यादवेंदर गोमा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का वार्षिक प्रशासनिक प्रतिवेदन 2023–24 शामिल हैं। वहीं सदन में दो ध्यानाकर्षण प्रस्ताव चर्चा में आएंगे जिनमें विधायक सुल्तानपुरी गत दिनों परवाणू व नजदीकी गांव में हुए वर्षा से नुकसान और विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर कमरूऊ में खनन के दौरान तीन मजदूरों के दबने की घटना पर सरकार का ध्यान का खींचेंगे। इसके अलावा सदन में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी दो स्टांप विधयेक संशोधन वापिस लेने का प्रस्ताव भी

रखेंगे। सदन में आज नियम–130 के तहत कल से शुरू हुई चर्चा आज भी जारी रहेगी जिसमें पक्ष व विपक्ष के विधायक हिस्सा लेंगे। रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।

## भाजपा विधायक दल

प्रदेश भाजपा विधायक दल की एक अहम बैठक कल देर सांय शिमला में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा पार्टी प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल व संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने भी बैठक में मुख्य रूप से हिस्सा लिया। बैठक में आगामी विधानसभा सत्र को लेकर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने सत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर विधायक दल के साथ विस्तृत चर्चा की और सदन में पार्टी की भूमिका, संगठन व विधायक दल के बीच बेहतर समन्वय और जनहित से जुड़े विषयों को प्रभावी ढंग से उठाने पर विचार साझा किए। श्रीकांत शर्मा ने कहा कि विधानसभा लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण मंच है और विपक्ष की जिम्मेदारी है कि वे प्रदेश की जनता से जुड़े हर महत्वपूर्ण विषयों को पूरी मजबूती और तथ्यों के साथ सदन में रखें। बैठक में अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

## कांग्रेस प्रदर्शन

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के खिलाफ उत्तराखंड पुलिस द्वारा एफआईआर किये जाने के विरोध में कल प्रदेश कांग्रेस ने शिमला में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि उत्तराखंड में पार्टी के वरिष्ठ नेता के साथ कथित तौर पर अपमानजनक व्यवहार किया गया लेकिन जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई के बजाय इस घटना पर आपत्ति जताने वाले पार्टी के वरिष्ठ नेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना निंदनीय है। उन्होंने भाजपा को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस की विचारधारा सर्व समाज की विचारधारा है और भाजपा राहुल गांधी की बढ़त लोकप्रियता से घबरा गई है। उन्होंने एफआईआर को तत्काल वापिस लेने की मांग की है।

## एन.आई.ए.

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एन.आई.ए.) ने इस साल जनवरी में हिमाचल प्रदेश के नालागढ़ पुलिस स्टेशन में हुए विस्फोट के सिलसिले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले एन. आई.ए. ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने कहा है कि ये गिरफ्तारियां आतंकी हमले के पीछे की बड़ी साजिश का पर्दाफाश करने, इसमें शामिल सभी लोगों की पहचान करने और घटना से जुड़े व्यापक नेटवर्क और संबंधों का पता लगाने के लिए चल रही जांच का हिस्सा हैं। आरोपियों की सटीक भूमिकाओं का पता लगाने, उनके बीच के संबंधों को स्थापित करने और हमले के पीछे के आपराधिक नेटवर्क की पूरी जानकारी हासिल करने के लिए एन.आई.ए. की जांच जारी है।

## घेपन झील

नेपाल में ग्लेशियर टूटने से आई आपदा के बाद लाहौल स्पीति प्रशासन ने भी एहतियातन तौर पर अब 4 हजार 70 मीटर की ऊंचाई पर स्थित घेपन ग्लेशियर झील की निगरानी और आपदा तैयारियों को और मजबूत करने का निर्णय लिया है। उपायुक्त किरण भडाना ने बताया कि झील के जलस्तर और अन्य महत्वपूर्ण मानकों की लगातार निगरानी के लिए इस माह में सी–डैक के सहयोग से अर्ली वार्निंग सिस्टम स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली का सफल परीक्षण सिसू झील पर हो चुका है और आवश्यक आंकड़े भी प्राप्त किए हैं। उपायुक्त ने बताया कि घेपन झील का वैज्ञानिक अध्ययन करने के लिए भारतीय भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण की पांच सदस्यीय टीम आज से अलग 14 दिनों तक क्षेत्र में अध्ययन करेगी।

स्वास्थ्य जागरूकता

मंडी जिला के सुंदरनगर को स्वच्छ व नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से स्थानीय प्रशासन ने जमीनी स्तर पर पहुंचने के लिए पहल शुरू की है। इस पहल के तहत एसडीएम अमर नेगी शहर की बस्तियों में पहुंचकर लोगों को स्वच्छता व नशे के प्रति जागरूक कर रहे हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे जिला संवाददाता....

– डिस्पैच– 47–

'स्वच्छ हवा और नशामुक्त सुंदरनगर' अभियान के तहत एसडीएम अमर नेगी रविवार को शहर की स्लम बस्तियों में पहुंचे और लोगों से सीधे संवाद कर स्वच्छता के साथ–साथ नशे के खिलाफ जागरूक किया। बीएसएनएल एक्सचेंज और बस स्टैंड के समीप बस्तियों का दौरा कर उन्होंने मौके पर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों से खुले में कूड़ा न फेंकने तथा कचरा जलाने से बचने की अपील की। उन्होंने मकान मालिकों को भी अपने परिसरों और आसपास साफ–सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और लापरवाही पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए। खास तौर पर युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए एसडीएम ने कहा कि स्वच्छ हवा और नशामुक्त समाज केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की भागीदारी से ही संभव है। आकाशवाणी समाचारों के लिए मंडी से मैं मुनीष सूद।

सर्वोच्च न्यायालय– एसिड हमला

सर्वोच्च न्यायालय ने एसिड हमले पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है कि, क्या एसिड की खुदरा बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए या इसे सख्त नियमों के दायरे में लाया जाना चाहिए। यह निर्देश 2013 में जारी दिशा निर्देशों के बावजूद एसिड की आसान उपलब्धता को लेकर बनी चिंताओं के बीच आया है। न्यायालय ने केंद्र, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को छह सप्ताह के भीतर एसिड हमले के पीड़ितों के लिए उचित पुनर्वास–उपाय तैयार करने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने केंद्र सरकार और राज्यों को आवश्यक सहायता प्रदान करने पर विचार करने को कहा है। साथ ही न्यायालय ने कहा कि पुनर्वास उपायों में एसिड हमले के पीड़ितों के लिए मुआवजा, चिकित्सा सहायता और उच्च शिक्षा तक मुफ्त शिक्षा शामिल होनी चाहिए।

मौसम

प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में आज भी मानसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। मानसून की वर्षा से अभी भी यातायात के लिए 76 सड़कें बंद हैं, जिन्हें बहाल करने का कार्य जारी है। इसके अलावा पांच बिजली ट्रांसफार्मर और 72 पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में भारी वर्षा की चेतावनी दी है।

<u>अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....</u>

आज सभी समाचार पत्रों ने मानसून सत्र से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है **सरकार पांच लाख तक वेतन देने को तैयार, फिर भी दूरदराज सेवा देने नहीं जा रहे डॉक्टर।** दिव्य हिमाचल का शीर्षक है **एक पंचायत में एक ही स्वास्थ्य केंद्र होगा।** दैनिक भास्कर लिखता है **प्रसूता की मौत पर सदन में हंगामा–सीएम बोले, दोषी को नहीं बख्शेंगे।** पंजाब केसरी ने सुर्खी दी है **किसानों को जबरन नैनो यूरिया प्लस देने पर हंगामा, पक्ष–विपक्ष में तीखी नोकझोंक।**

दैनिक जागरण की एक खबर है **हिमाचल की बर्फीली चोटियों पर जल प्रलय का खतरा।**

**'अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में आज छह नए विधेयक होंगे पुनः स्थापित– बारिश से हुए नुकसान और खनन में मजदूरों के दबने पर सरकार को घेरेगा विपक्ष– रोज़गार पर चर्चा रहेगी जारी।
- प्रदेश भाजपा विधायक दल की अहम बैठक शिमला में आयोजित–पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने विधानसभा सत्र में सरकार को घेरने और जनहित से जुड़े विषयों को प्रभावी ढंग से उठाने पर किया विचार विमर्श।
- राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने इस साल जनवरी में नालागढ़ पुलिस स्टेशन में हुए विस्फोट के मामले में तीन और आरोपियों को किया गिरफ्तार।

  और

- लाहौल स्पीति प्रशासन ने 4 हजार 70 मीटर की ऊंचाई पर स्थित घेपन ग्लेशियर झील की निगरानी और आपदा तैयारियों को मजबूत करने का लिया निर्णय।

..............